जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

पत्रांक–जे0एन0सी0यू0 / सा0प्र0 / 9745 / 2026 दिनांकः 07 अप्रैल, 2026

महत्वपूर्ण / समयबद्ध

कार्यालय आदेश

एतद्द्वारा विश्वविद्यालय के पत्र संख्याः **जे0एन0सी0यू0 / सा0प्र0 / 9570 / 2026, दिनांकः 08 मार्च, 2026** द्वारा **शैक्षणिक सत्र 2025–26 के स्नातक / परास्नातक (N.E.P. & Non N.E.P.)–सम सेमेस्टर के नियमित, बैक पेपर, अंक सुधार तथा भूतपूर्व** परीक्षाओं से सम्बन्धित शुल्कादि **समर्थ पोर्टल (द्वितीय सेमेस्टर)** पर तथा **विश्वविद्यालय पोर्टल पर (चतुर्थ, षष्ठम् एवं अष्टम् सेमेस्टर)** जमा किये जाने की अन्तिम तिथि दिनांकः 26 मार्च, 2026 निर्धारित की गयी थी। ऐसा संज्ञान में आया है कि कतिपय महाविद्यालयों द्वारा परीक्षा शुल्क अद्यतन जमा नहीं किया गया है।

अतः माननीय कुलपति जी द्वारा छात्र हित को ध्यान में रखते हुए विशेष परिस्थिति में उपरोक्त वर्णित परीक्षाओं से सम्बन्धित शुल्कादि जमा किये जाने की **अन्तिम तिथि दिनांकः 09 अप्रैल, 2026 निर्धारित की जाती है।** तत्क्रम में निदेशक शैक्षणिक, विश्वविद्यालय परिसर एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्य / प्राचार्या / प्रबन्धक को निर्देशित किया जाता है कि तद्नुसार समयान्तर्गत अवशेष परीक्षा शुल्कादि जमा कराने का कष्ट करें।

उक्त **निर्धारित तिथि के पश्चात तत्सम्बन्ध में कोई भी प्रत्यावेदन स्वीकार्य नहीं होगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित महाविद्यालय की होगी।**

भवदीय

(एस0एल0पाल)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषितः–

1. माननीय कुलपति जी।
2. निदेशक शैक्षणिक, विश्वविद्यालय परिसर।
3. प्राचार्य / प्राचार्या / प्रबन्धक, सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।
4. डॉ0 नीलमणि त्रिपाठी, नोडल अधिकारी, समर्थ पोर्टल, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया को इस आशय से प्रेषित कि तद्नुक्रम में तद्नुसार अग्रेतर कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।
5. प्रभारी वेबसाइट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने तथा तदनुक्रम में अग्रेतर कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु।
6. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव